शनिवार
7 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर



जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
- सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
- स्मार्ट क्लास
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
- कंप्यूटर क्लास



वर्ष 2, अंक 39 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com


## उमेश सिंह कुशवाहा तीसरी बार जदयू के बिहार प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया के तहत उमेश सिंह कुशवाहा को लगातार तीसरी बार पार्टी का बिहार प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार 'मुन्ना' और परमहंस कुमार ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपकर औपचारिक घोषणा की।

जानकारी के अनुसार उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारियों के समक्ष चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। निर्धारित समय सीमा तक इस पद के लिए उनके अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। इसके बाद निर्धारित जांच प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत उन्हें निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर दिया गया।

इस अवसर पर प्रस्तावक के रूप में मंत्री लेसी सिंह, पूर्व मंत्री सह विधायक रत्नेश सदा, पूर्व मंत्री सह विधायक शीला मंडल और डॉ. पूनम सिंह मौजूद रहीं।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में उन्हें लगातार तीसरी बार यह जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय और गतिशील बनाने के लिए वे निरंतर कार्य करेंगे तथा 'न्याय के साथ विकास' के संकल्प को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह 'गांधी जी', राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, रामसेवक सिंह कुशवाहा, जयंत राज, अजय कुमार चौधरी, इंद्रदेव पटेल, बबलू मंडल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। सभी ने उमेश सिंह कुशवाहा को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

## ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर जारी, निगरानी होगी और सख्त

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने और खराब पड़ी लाइटों की समय पर मरम्मत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने शिकायत निवारण और निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ कर दिया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में लगी सोलर स्ट्रीट लाइट से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या की शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर 18003092849 जारी किया गया है। इस नंबर पर आम नागरिक सीधे कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने इस संबंध में सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को पत्र जारी कर टोल फ्री नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है कि पंचायतों में लगाए गए अथवा पहले से स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट में यदि कोई तकनीकी खराबी, बंद होने या अन्य समस्या की स्थिति सामने आती है, तो लोग इस टोल फ्री नंबर के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह व्यवस्था पंचायती राज विभाग, पटना के संयुक्त सचिव के निर्देश के आलोक में लागू की गई है।

प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान की जिम्मेदारी सीएमएस एजेंसी एएमएनईएक्स को सौंपी गई है। एजेंसी द्वारा शिकायत मिलने के बाद संबंधित स्थान की जांच कर आवश्यक मरम्मत या तकनीकी सुधार की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगी स्ट्रीट लाइट लंबे समय तक खराब न रहें और लोगों को रात के समय पर्याप्त रोशनी मिलती रहे।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सभी पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिवों को भी पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि टोल फ्री नंबर की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाए।

इसके लिए पंचायत स्तर पर बैठक, सूचना पट्ट, माइकिंग और अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है, ताकि आम ग्रामीणों को इस सुविधा की जानकारी मिल सके और वे आसानी से अपनी शिकायत दर्ज करा सकें।

इसी के साथ अब सोलर स्ट्रीट लाइट की निगरानी के लिए एक विशेष मोबाइल एप भी शुरू किया गया है। इस एप के माध्यम से संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौके पर पहुंचकर लाइट की स्थिति का निरीक्षण कर सकेंगे और उसकी रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज करेंगे। एप में लाइट की लोकेशन, फोटो अपलोड करने तथा तकनीकी स्थिति की जानकारी दर्ज करने की सुविधा दी गई है, जिससे निगरानी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बन सकेगी।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आम नागरिक भी इस मोबाइल एप के माध्यम से खराब या बंद पड़ी सोलर स्ट्रीट लाइट की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत दर्ज होते ही संबंधित विभाग को इसकी सूचना प्राप्त हो जाएगी और मरम्मत की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इससे शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी नहीं होगी।

प्रशासन का मानना है कि टोल फ्री नंबर और डिजिटल एप की शुरुआत से मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की निगरानी व्यवस्था और मजबूत होगी।

इससे खराब लाइटों की मरम्मत में तेजी आएगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही गांवों में सुरक्षा और सुविधा दोनों में सुधार होगा।

## डीएम ने लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत नौ मामलों की सुनवाई की

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिलाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार ने शुक्रवार को नौ मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कई मामलों का समाधान संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा पहले ही कर दिया गया था, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

सुनवाई के दौरान परिवादी रोहित रंजन द्वारा दर्ज शिकायत, जिसमें गैरमजरूआ मालिक जमीन पर गलत तरीके से घेराबंदी करने की बात कही गई थी, उस मामले की सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की गई। वहीं परिवादी भूषण कुमार द्वारा मध्य विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित शिकायत पर भी अगली सुनवाई तिथि निर्धारित की गई।

परिवादी अंजलि भारती की वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की शिकायत का निष्पादन कर दिया गया। इसी प्रकार परिवादी संजय शर्मा की दिव्यांग पेंशन से जुड़ी समस्या का भी समाधान कर दिया गया।

परिवादी सत्यदेव प्रसाद सिंह द्वारा खाता, खेसरा एवं रकवा दर्ज कराने से संबंधित शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच के लिए अपर समाहर्ता नालंदा को निर्देश दिया।

वहीं परिवादी मनोज कुमार की जमाबंदी से संबंधित शिकायत तथा बिपिन कुमार की अतिक्रमण से जुड़ी शिकायत का भी निष्पादन कर दिया गया।

इसके अतिरिक्त अतिक्रमण हटाने से संबंधित एक अन्य मामले का भी समाधान किया गया।

परिवादी कमला देवी द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच के लिए श्रम अधीक्षक नालंदा को निर्देश दिया।

इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## रांची रोड पर टोटो पलटने से 13 वर्षीय बच्ची की मौत

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। लहेरी थाना क्षेत्र के रांची रोड पर शुक्रवार को ई-रिक्शा (टोटो) पलटने से एक 13 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।


मृतका की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के मिर्चायगंज निवासी सूरज भूषण पंडित की 13 वर्षीय पुत्री वंदना कुमारी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार वंदना को उसकी मां के साथ इलाज के लिए बिहारशरीफ के एक चिकित्सक के पास भेजा गया था।

बताया जाता है कि चिकित्सक के यहां मरीजों की अधिक भीड़ होने के कारण उन्हें देर शाम का नंबर दिया गया था। इसी बीच मां-बेटी डॉक्टर के यहां से अपने एक रिश्तेदार के घर जाने के लिए टोटो से रवाना हुईं। रास्ते में रांची रोड पर अचानक टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वंदना गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बच्ची को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

बच्ची की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जानकारी लेने में जुट गई।

लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# चंडी नगर पंचायत में दूसरे दिन भी सैरात-बाजार की बंदोबस्ती नहीं हो सकी



चंडी (अपना नालंदा)। चंडी नगर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित सैरात और बाजार की बंदोबस्ती दूसरे दिन भी नहीं हो सकी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में सैरातों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया पूरी की जानी थी, लेकिन एक भी बोलीदाता के उपस्थित नहीं होने से प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी।

नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे जानकारी देते हुए बताया कि दूसरे दिन भी सैरात बंदोबस्ती के लिए कोई आवेदक या बोलीदाता कार्यालय नहीं पहुंचे। इसके कारण सैरातों की नीलामी प्रक्रिया संपन्न नहीं हो सकी।


उन्होंने बताया कि सैरात बंदोबस्ती में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को पहले कार्यालय में अग्रिम राशि जमा करनी होती है। इसके साथ ही आधार कार्ड और चरित्र प्रमाण पत्र भी जमा करना अनिवार्य होता है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कितने लोग बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि अब सैरात बंदोबस्ती को लेकर 7 मार्च को पुनः नगर पंचायत कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी। यदि उस दिन भी कोई बोलीदाता नहीं पहुंचता है तो विभागीय निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि सैरात बंदोबस्ती की आरक्षित राशि बढ़ा दिए जाने के कारण कई संभावित बोलीदाता पीछे हट रहे हैं, जिसके चलते बंदोबस्ती प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।









# बिहारशरीफ में बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने आभूषण समेत लाखों की चोरी की



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोहसराय थाना क्षेत्र के आशानगर संगतपर धोबीटोला मोहल्ला में चोरों ने बंद पड़े एक व्यवसायी के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के आभूषण की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार गैस एजेंसी संचालक अनूप कुमार का परिवार इन दिनों पटना में रह रहा था। घर के निचले हिस्से में एक किराएदार रहता था, लेकिन वह भी होली के अवसर पर अपने घर चला गया था। इसी बीच मौका पाकर अज्ञात बदमाशों ने घर के मुख्य गेट का ताला काटकर अंदर प्रवेश कर लिया।

चोरों ने घर के अंदर रखे पांच कमरों के गोदरेज और अलमीरा का ताला तोड़कर करीब आठ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। शुक्रवार को पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा और दरवाजा खुला देखा तो इसकी सूचना अनूप कुमार के परिवार को दी। सूचना मिलने के बाद अनूप कुमार अपने भाई और अन्य परिजनों के साथ घर पहुंचे, जहां चोरी की घटना का खुलासा हुआ।

बताया जाता है कि पीड़ित के बड़े भाई सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद सोहसराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी धमौली में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस मनाया



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड के धमौली स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी दोसुत में भारत में फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रो. एम. एल. श्रॉफ के जन्मदिवस को राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तथा विद्यार्थियों द्वारा रंगोली और चित्रकला के माध्यम से आयोजन को आकर्षक बनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर संस्थान के सचिव पुरुषोत्तम कुमार ने प्रो. एम. एल. श्रॉफ के जीवन और उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में फार्मेसी शिक्षा के विकास में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो. सच्चिदानंद प्रसाद वर्मा ने भी प्रो. श्रॉफ के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को फार्मेसी और औषधि विज्ञान केमहत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फार्मेसी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इसमें युवाओं के लिए बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य माधव मोहन ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चित्रकला और रंगोली की सराहना की। इस अवसर पर मानव संसाधन अधिकारी विक्की कुमार, सहायक प्राध्यापक ऋषि कुमार, गोपाल कुमार, गौतम कुमार, डॉ. अक्षय कुमार, सुनीता कुमारी, रितेश कुमार, अभिषेक कुमार सहित कई शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन से विद्यार्थियों में फार्मेसी शिक्षा के प्रति उत्साह और जागरूकता देखने को मिली।










# होली के अंतिम दिन नटाईचक में पारंपरिक मटका फोड़ प्रतियोगिता, युवाओं में दिखा उत्साह



थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड के नटाईचक गांव में होली के अंतिम दिन पारंपरिक मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, वहीं गांव के चौक-चौराहों पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए स्थानीय युवाओं द्वारा एक समिति का गठन किया गया था। समिति के तत्वावधान में मटका फोड़ प्रतियोगिता शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ मटका फोड़ने का प्रयास किया। जैसे ही विजेता प्रतिभागी ने मटका फोड़ा, उपस्थित दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ उसका उत्साहवर्धन किया।

ग्रामीण मुरारी सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा मजबूत होता है तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के आयोजन में रौशन कुमार, आकाश कुमार, धीरज कुमार, उज्ज्वल कुमार, प्रिंस कुमार, नीतीश कुमार, इन्द्रजीत कुमार, राकेश कुमार, विकास कुमार, कारू सहित अन्य ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।






# मनोकामना जीविका समिति ने आयोजित किया मातृ-शिशु पोषण जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शुक्रवार को मनोकामना जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति के तत्वावधान में मातृ-शिशु पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएम विशुनदेव पंडित ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पोषण संबंधी जानकारी को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 30 मार्च 2026 तक किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में मातृ-शिशु पोषण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया गया कि सही पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता से ही माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार संभव है।इस अवसर पर मातृ-शिशु पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य समिति के सदस्यों, बीओ, सीएम तथा सीएमआरपी को सीएलएफ की ओर से प्रोत्साहित किया गया। बेहतर कार्य करने वाली टीमों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई, ताकि अन्य समूह भी प्रेरित होकर इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

कार्यक्रम में सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित सीएलएफ से जुड़ी बड़ी संख्या में दीदियां उपस्थित रहीं। इसके अलावा विभिन्न कैडर सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने अनुभव साझा किए।

इस दौरान रुक्मिणी कुमारी, बसंत जमादार, प्रियंका कुमारी, बीपीएम विशुनदेव पंडित तथा निखिल राज सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि मातृ-शिशु पोषण समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और सामूहिक प्रयास से ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।

# सदर अस्पताल में कायाकल्प टीम का निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता की समीक्षा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान टीम ने पहले स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक की, जिसके बाद ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, प्रसव कक्ष, दवा वितरण काउंटर, लैब, विभिन्न वार्डों और ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया। साथ ही अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालयों की स्थिति और मरीजों के बैठने की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया।

कायाकल्प टीम के सदस्य डॉ. प्रमोद कुमार साह और डॉ. कुमार अभिमन्यु ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन , दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति तथा अभिलेख संधारण प्रणाली की जांच की गई। इसके साथ ही डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों के साथ उनके व्यवहार की भी समीक्षा की गई।

टीम ने अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा कुछ आवश्यक सुधार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सुझाव भी दिए गए।

कायाकल्प योजना के तहत अस्पतालों में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार का निरीक्षण किया जाता है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर उपचार सुविधा मिल सके।मौके पर डीपीएम श्याम कुमार निर्मल, स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद इमरान, लेखापाल सुरजीत कुमार, पंकज कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।






## संपादकीय

जेपी चौधरी

# नीतीश कुमार के संभावित राज्यसभा जाने से बिहार की राजनीति में हलचल तेज



बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्ताधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने दो दशक की पारी में सहयोग के लिये बिहार की जनता का आभार जताया है तथा अपना दायित्व निभाने की बात कही है। साथ ही राज्यसभा में जाने की तार्किकता का भी जिक्र किया है और विकसित बिहार के संकल्प को फिर से दोहराया है। निस्संदेह, वर्ष 2005 से अब तक, बीच के कुछ महीनों को छोड़कर, उनका सत्ता में बने रहना अभूतपूर्व रहा है। किसी भी गठबंधन की सरकार रही हो, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहे। यही वजह है कि जेडीयू में कार्यकर्ताओं का एक वर्ग उनके राज्यसभा में जाने को लेकर निराश है। बहरहाल, अब तक विधान परिषद, बिहार विधानसभा और लोकसभा का सदस्य रहने के बाद, वे राज्यसभा के भी सदस्य बन जाएंगे। वहीं राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस बिहार की सत्ता में होने वाले बदलाव को जनता के साथ छल बता रही है।

# बाघा टीला में किसान बाल विद्या निकेतन का शुभारंभ, ग्रामीण बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा



संजय कुमार

पटना (अपना नालंदा)। पटना जिला के बेलछी प्रखंड अंतर्गत बाघा टीला गांव में ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किसान बाल विद्या निकेतन का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस, प्रखंड अध्यक्ष बिंद राजीव कुमार, सुप्रसिद्ध मगही कवि उमेश प्रसाद उमेश तथा विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, कविता पाठ तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा को देखकर अतिथियों और अभिभावकों ने उनकी सराहना की। इस अवसर पर आदित्य राज, अयांश राज, सौरव कुमार, गौरव कुमार, सोनम कुमारी, सागर कुमार, बादल कुमार, शुभम कुमार, सलोनी, सान्वी, संध्या, आरजू, सुहानी, सानिया, चंदन कुमार, सुलेखा कुमारी, चांदनी, वामिका, आराध्या कुमारी, राजकुमार तथा शिवानी कुमारी सहित कई विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि भारत मानस ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। ऐसे विद्यालय ग्रामीण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में जागरूकता और विकास संभव है।

सुप्रसिद्ध मगही कवि उमेश प्रसाद उमेश ने भी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। वहीं विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देना है।विद्यालय के प्रचारक सुशील कुमार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी यहां कम शुल्क में अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे और विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रंग लगाने को लेकर जूनियर गांव में दो पक्षों में मारपीट, सात घायल

हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा थाना क्षेत्र के जूनियर गांव में होली के दौरान रंग लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

घायलों को पुलिस के सहयोग से हिलसा के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।मारपीट में एक पक्ष से प्रेम रविदास, उनकी पत्नी अनुपम कुमारी, परमेश्वर रविदास के पुत्र शिव कुमार, शिव कुमार की पत्नी सुषमा कुमारी, परमेश्वर रविदास तथा देव रविदास घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से राहुल रविदास के पुत्र अनिल रविदास, उनकी पत्नी देवरानी रविदास और विमल रविदास की पत्नी सनी देवी घायल हो गईं।

बताया जाता है कि होली के दौरान रंग लगाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही हिलसा थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया।

थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रहुई में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से घायल

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई थाना क्षेत्र के बिहारशरीफ-रहुई मुख्य मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहुई के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दोनों बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहुई में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घायलों की पहचान बिहारशरीफ के लहेरी मोहल्ला निवासी अमर राज तथा धरहरा गांव निवासी दुलारचंद पासवान के रूप में की गई है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर थाना ले गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दुलारचंद पासवान अपनी ससुराल रहुई आया हुआ था और बिहारशरीफ से रहुई की ओर जा रहा था। वहीं दूसरी ओर अमर राज, जो पेशे से एक निजी विद्यालय के शिक्षक हैं, पढ़ाई समाप्त होने के बाद रहुई से वापस बिहारशरीफ लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

# नंद किशोर यादव के राज्यपाल बनने से नागालैंड को मिलेगा अनुभव और नेतृत्व का लाभ:- सम्राट चौधरी



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वरिष्ठ भाजपा नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर उनसे मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नंद किशोर यादव का लंबा सार्वजनिक जीवन, संगठन के प्रति समर्पण और प्रशासनिक अनुभव राज्यपाल के रूप में उनके दायित्वों को नई गरिमा प्रदान करेगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के वरिष्ठ भाजपा नेता को इतना महत्वपूर्ण दायित्व सौंपना पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने इसके लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

सम्राट चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि नंद किशोर यादव के मार्गदर्शन में नागालैंड प्रगति, सुशासन और विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक दक्षता और जनसेवा के प्रति समर्पण राज्य के विकास, शांति और समृद्धि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने बताया कि नंद किशोर यादव का राजनीतिक जीवन काफी लंबी और समृद्ध यात्रा रहा है। वे सात बार विधायक चुने जा चुके हैं और बिहार सरकार में मंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। इसके साथ ही भाजपा संगठन में भी उन्होंने कई अहम भूमिकाएं निभाते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि नंद किशोर यादव के अनुभव, सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और प्रशासनिक समझ से नागालैंड को निश्चित रूप से नई दिशा और गति मिलेगी।




# नंदकिशोर यादव के अनुभव से नागालैंड को मिलेगी विकास की नई गति: विजय कुमार सिन्हा



जेपी चौधरी


पटना (अपना नालंदा)। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर उनसे मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नंदकिशोर यादव का समृद्ध राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव नागालैंड के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नंदकिशोर यादव को राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण दायित्व के लिए चुना जाना उनके लंबे सार्वजनिक जीवन, समर्पण और कार्यशैली का सम्मान है। उन्होंने इसके लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को भी बधाई दी और कहा कि पार्टी ने एक अनुभवी और समर्पित नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नंदकिशोर यादव ने अपने सार्वजनिक जीवन में हर पद की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। एक कुशल राजनेता के रूप में उनके सांगठनिक कौशल और प्रशासनिक दक्षता का भरपूर लाभ बिहार को मिला है। उन्होंने संगठन और सरकार दोनों में रहकर अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि नंदकिशोर यादव एक सच्चे जनसेवक के रूप में हमेशा जनता के बीच सक्रिय रहे हैं। उन्होंने सरकार, संगठन और पार्टी को एक कुशल माली की तरह सींचने का कार्य किया है, जिससे संगठन और शासन दोनों मजबूत हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नंदकिशोर यादव के लंबे अनुभव और दूरदर्शी नेतृत्व का लाभ नागालैंड को मिलेगा तथा वहां के समावेशी विकास, संस्कृति और सामाजिक समृद्धि को नई दिशा प्राप्त होगी।

# दरभंगा मेडिकल कॉलेज बनेगा हाईटेक, 1700 बेड बढ़ाकर 2500 करने की योजना




जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। उत्तर बिहार के प्रमुख चिकित्सा संस्थान दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को हाईटेक बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। राज्य सरकार की योजना के तहत अस्पताल में 1700 अतिरिक्त बेड जोड़े जाएंगे, जिससे इसकी कुल क्षमता बढ़ाकर लगभग 2500 बेड करने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार दरभंगा मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा और इलाज दोनों को मजबूत करने के लिए व्यापक विस्तार योजना तैयार की गई है। इसके तहत यहां एमबीबीएस में नामांकन की क्षमता को बढ़ाकर 250 करने तथा अस्पताल को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने की योजना है। इस परियोजना को अगले तीन वर्षों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अधिकारियों का कहना है कि इस विस्तार से दरभंगा सहित पूरे उत्तर बिहार के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को दूसरे राज्यों या बड़े शहरों का रुख करने की आवश्यकता कम हो जाएगी।अस्पताल में मरीजों के बेहतर इलाज के लिए आधुनिक तकनीक से लैस सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी क्रम में 400 बेड वाले सर्जिकल वार्ड का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा अन्य विभागों को भी आधुनिक उपकरणों और संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है।हाल ही में पटना स्थित पीएमसीएच में भी 1117 बेड वाले दो नए टावर का निर्माण कर उन्हें चालू किया गया है, जहां आंख, कान, गला, गैस्ट्रो समेत कई बीमारियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि बिहार स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।